SHRI DIGVIJAY SINGH : You give time than.

MR. CHAIRMAN : Will you please sit down?

Everybody in the House cannot ask questions.

मध्य प्रदेश विधान सभा द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य हेतु पारित किया गया संकल्प

*425 **श्री गोविन्द राम मीरी :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार को मध्य प्रदेश विधानसभा द्वारा 'पृथक छत्तीसगढ़ राज्य' बनाये जाने के संबंध में 18 मार्च, 1994 को सर्वसम्मति से पारित संकल्प की जानकारी है;

(ख) "पृथक छत्तीसगढ़ राज्य" बनाये जाने हेतु केन्द्रीय सरकार द्वारा अपनी ओर से अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ;

(ग) क्या राज्य पुनर्गठन आयोग की स्थापना करने के संबंध में कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(घ) यदि हां, तो यह कब तक स्थापित होगा ?

गृह मंत्री (श्री एस० बी० चव्हाण) :(क) जी हां, श्रीमान ।

(ख) से (घ) : राज्यों के मौजूदा स्वरूप के किसी प्रकार के पुनर्गठन पर भारत सरकार इस समय विचार नहीं कर रही है ।

श्री गोविन्द राम मीरी : माननीय सभापति महोदय, यह जवाब सुनकर मेरे साथ छत्तीसगढ़ की दो करोड़ जनता को आघात पहुंचा है । यह तो वैसे ही हो गया जैसे रोम जल रहा था और नीरो वहां चैन की बंसी बजा रहा था । अगर कहा जाए कि वहां अकाल पड़ा है और राहत कार्य खोलने की जरुरत है तो सरकार कहती है कि अभी इस पर विचार नहीं कर रही है । जवाब ऐसे ही हुआ है । मैं समझता हूं सर कि सरकार शायद छत्तीसगढ़ और वहां के निवासियों की भावनाओं से अवगत नहीं है । मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि किन परिस्थितियों में मध्य प्रदेश की विधान सभा ने यह संकल्प पारित किया है सर्व सम्मति से दलगत भावना से ऊपर उठकर और कांग्रेस के घोषणा पत्र में भी यह बात कही गयी थी चुनाव में वोट पाने के लिए, जीतने के लिए कि हमारी सरकार बनेगी तो हम छत्तीसगढ़ को पृथक राज्य बना देंगे । आज यह वादा खिलाफी हो रही है । सभापति महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान में सबसे बड़ा प्रांत मध्य प्रदेश है और छत्तीसगढ़ उसका एक बटे तीन हिस्सा है जिसमें सात जिले आते हैं, रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, सरगुजा, बस्तर, राजनंदगांव और दुर्ग । सभापति महोदय, मध्य प्रदेश का कुल क्षेत्रफल 4,43,000, वर्ग किलोमीटर है और छत्तीसगढ़ का क्षेत्रफल 1,35,194 वर्ग किलोमीटर है । मध्य प्रदेश की जनसंख्या लगभग सात करोड़ है और छत्तीसगढ़ की जनसंख्या दो करोड़ है । वहां पर 90 विधान सभी की सीटें हैं । 11 लोक सभा की सीटें हैं । वहां से 5 राज्य सभा के सदस्य हैं, वहां से दो केन्द्रीय मंत्री हैं . . . . . **(व्यवधान)**

MR. CHAIRMAN : Will you please now conclude your question?

SHRI GOVINDRAM MIRI : I am coming to that, Sir.

SHRI AJIT P. K. JOGI : This is his maiden question. Let him take time.

श्री गोविन्द राम मीरी : सर, मैं बता रहा हूं कि छत्तीसगढ़ नेगलेक्टेड है **(व्यवधान)** आप तो छत्तीसगढ़, बिलासपुर से आते हैं, आप तो सपोर्ट कीजिए . . . **(व्यवधान)**

सर, मैं यह कहना चाहता हूं कि छत्तीसगढ़ जो है वह जार्डन,कोरिया, बंगलादेश से ड्योढ़ा, पंजाब से दुगुना, केरल व मेघालय से चौगुना, त्रिपुरा, लेबनान से 13 गुना व नीदरलैंड

पुर्तगाल, क्यूबा, स्विटजरलैंड से क्षेत्रफल में बड़ा है ।

सर, मैं माननीय मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि ये सब बातों की जानकारी होते हुए भी और चुनाव घोषणा-पत्र में इस बात का उल्लेख करते हुए भी आज जो लोग सत्ता पक्ष में बैठे हैं यह सब नहीं करने के क्या कारण हैं ?

SHRI S. B. CHAVAN : Sir, I would like to explain the position about the Congress Manifesto to which the hon. Member has made a copious reference and said that we are trying to violate what we had promised to the people at large. The Congress (!) Manifesto for the Assembly elections held in December 1993 also that the Party would take initiative to creat Chattisgarh State whenever the Centre sits up a States Re-organisation Commission. Sir, the question will arise only when the Governmen' of India takes its decision to set up a State Reorganisation Commission. I have clearly stated, knowing full well what the hon. Member has said, that these are the problems which most of the States might be having. In Chhattisgarh also I quite appreciate there might be some problems which the local people might be facing. But, as things stand today, we do not propose to appoint any States Reorganisation Commission.

श्री गोविन्द राम मीरी : सर, मैं माननीय मंत्री जी की जानकारी में लाना चाहता हूं कि राज्य पुनर्गठन आयोग को गठित किए बिना ही हमारे देश के गुजरात, बम्बई, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, गोवा जैसे राज्य बिना किसी आयोग के गठित किए गए हैं तो आयोग को गठित करने की आवश्यकता नहीं है, सरकार के नेक एवं दृढ़ इरादे की आवश्यकता है । मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि आखिर यह खोलने का समय छत्तीसगढ़ और भी जो गुजरात जैसे मांग है, बिहार में है, उत्तर प्रदेश में है, छोटे राज्यों की मांग, यह कब पूरा हो जाएगा और पृथक राज्य बनाने के क्या मानदंड है ?

SHRI S, B. CHAVAN : The hon. Member has himself stated that there are a large number of cases wherein the demand for a separate State is emanating from different areas and it becomes absolutely necessary to set up a States Reorganisation Commission to do all those things. But, as things are today, the Government is of the view :hat we have enough problems of our own and we would not like to add to any of the problems.

SHRI BASANT KUMAR DAS : Recently in a section of the press it has appeared that people from Orissa who have migrated to Chhattisgarh are claiming that the por-tion of Orissa should also be merged with the Chhattisgarh State. So, may 1 take this opportunity to caution the Homo Minister to see that whenever a Spates Reorganisation Commission is set up, further injustice is not meted out to the State of Orissa in the name of creation of Chhatis-garh State.

SHRI S. B. CHAVAN : I think the suggestion of the hon. Member is quite reasonable. Whenever a States Reorganisation Commission is set up, this aspect will be kept in view.

डा० मुरली मनोहर जोशी : मान्यवर, मैं गृह मंत्री महोदय से यह जानना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश की विधान सभा ने दो वर्ष पहले ही उत्तरांचल के राज्य के निर्माण के लिए संकल्प पारित करके आपके पास भेजा था और केन्द्रीय सरकार की जो क्वेरीज थी उसका जवाब भी दे दिया था । बहुत स्पेसेफिक केस है । मैं जानना चाहूंगा कि आप पृथक उत्तरांचल राज्य के निर्माण के बारे में कब तक आगे कदम उठायेंगे और उसे कितनी शीघ्रता से पूरा करेंगे ?

SHRI S. B. CHAVAN : Sir, v. hat is applicable in the case of Chhattisgarh is applicable in the case of Iharkhand too.

डा० मुरली मनोहर जोशी : उत्तर प्रदेश की विधान सभा में संकल्प है और विधान सभाओं में संकल्प नहीं है ?

श्री अजीत जोगी : मध्य प्रदेश में भी संकल्प है ।

डा० मुरली मनोहर जोशी : तब तो दोनों को जल्दी घोषित कीजिए ।

श्री एस० बी० चव्हाण : दोनों नहीं हो सकते हैं ।

MR. CHAIRMAN : Qusetion Hour is over.

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

Introduction of more EMU Trains

*422. SHRI JAGANNATH SINGH : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that there is per sistant demand from the daily commuters of Ghaziabad, Sahibabad and Anand Vihar for introduction of more EMU trains between 9.15 A.M. and 1.15 P.M. ex-Ghazia-bad and ex-New Delhi;

(b) if so, what is the present position in this regard;

(c) whether it is also a fact that there is no train from 8.25 P.M. ex-New Delhi to Ghaziabad via Anand Vihar and there is a demand from the commuters leaving New Delhi at late hours for introduction of EMU services/stoppage of trains leaving New Delhi between 9.00 P.M. and 10 P.M. at Anand Vihar and Sahibabad; and

(d) if so, what is the present position in regard to introduction of EMU services/ stoppage of long distance trains?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFAR SHARIEF) : (a) and (c) Yes, Sir.

(b) and (d) At present 8 trains including EMU from Delhi/New Delhi towards Ghaziabad and 5 trains including EMUs from Ghaziabad towards Delhi/New Delhi are available between 9.15 A.M. and 1.15 P.M.

Duringl994/95 , 2 additional pairs of EMU trains are proposed to be introduced between Delhi and Ghaziabad to the following timings :—

I	II			I	II
09.00	17.00↓	d. Delhi	a.	08.50	16.50
09.30	17.51	a. Ghaziabad	d.↑	08.20	16.20

However, stoppage of long distance trains leaving New Delhi between 8.00 P.M. and 10.00 P.M. is not considered desirable because it will seriously inconvenience long distance passengers.

Special Courts in Terrorists Infested Areas

*423. SHRI S. AUSTIN : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether Government are contemplating to constitute special courts in terrorist infested areas;

(b) if so, the details including the locations thereof; and

(c) if not, the reason therefore?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS: (SHRI S. B. CHAVAN) : (a) Presently, there is no such proposal before Government.

(b) and (c) Do not arise.

झाझा (बिहार) स्थित लोको-शैड को बन्द किया जाना

*426. **श्री जनार्दन यादव :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि झाझा (बिहार) में एक लोको-शैड था ;

(ख) क्या यह भी सच है कि झाझा स्थित लोको-शैड को रेलवे द्वारा हटा दिया गया है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि झाझा लोको-शैड के कर्मचारियों को उस लोको-शैड को